>

Title : Need to provide financial package for development of Utensil and Handloom industries in Khalilabad, Sant Kabir Nagar Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी (संत कबीर नगर): खलीलाबाद उत्तर प्रदेश का पहला औद्योगिक क्षेत्र है जहां कांसे तथा अन्य धातुओं का बर्तन अद्योग तथा हथकरघा का कपड़ा उद्योग देश में ही नहीं कोई देशों में विख्यात था। लेकिन आज बर्तन उद्योग से जुड़े कारीगर तथा कपड़ा उद्योग से जुड़े बुनकर बेरोजगार बैठे हैं तथा रोटी के लिए मोहताज हैं। इन सभी के साथ समस्या यह है कि इनको कच्चे माल की भारी किल्लत है तथा जो तैयार माल होता है उसकी सही मार्केटिंग नहीं हो पाती है तथा सारा मुनाफा बिचैलिए ले जाते हैं। बेरोजगारी की हालत यह है कि ये कारीगर यहां से पलायन कर दूसरे प्रदेशों में रोजी-रोटी के लिए जाते हैं जहां ये नारकीय जीवन जीने के लिए मजबूर हैं।

अतः आपसे आग्रह है कि इस क्षेत्र के औद्योगिक विकास के लिए संधीय सरकार एक आर्थिक पैकेज दे ताकि इस क्षेत्र के गरीब कारीगरों तथा बुनकरों की रोजी-रोटी की व्यवस्था हो सके।